आकाशवाणी पोर्ट ब्लेयर

08.04.2024 समय : 1850

- द्वीपों के चुनाव अधिकारी अर्जुन शर्मा ने कहा कि आगामी लोकसभा चुनाव को शांतिपूर्ण तरीके से सम्पन्न कराने के लिए स्थानीय स्तर पर तैयारियां की गई है ।
- अंडमान निकोबार द्वीपसमूह में उन्नीस अप्रैल को होने वाले मतदान के लिए चुनाव प्रचार जोरों पर हैं।
- दक्षिण अंडमान ज़िले में एच, एच वन और एक्स दवाओं की बिक्री करने वाले सभी दुकानदारों को अपने दुकानों के भीतर और बाहर सीसी टी वी कैमरा स्थापित करने का निर्देश दिया गया है।
- पॉक्सो की विशेष अदालत ने पॉक्सो के दो अलग–अलग मामलों में शामिल एक व्यक्ति को बीस वर्ष से अधिक की कठोर कारावास की सजा सुनाई है।
- चैत्र नवरात्र का पर्व कल से आरंभ हो रहा है।

<><><><><><><>

द्वीपों के चुनाव अधिकारी अर्जुन शर्मा ने कहा कि आगामी लोकसभा चुनाव को शांतिपूर्ण तरीके से सम्पन्न कराने के लिए स्थानीय स्तर पर तैयारियां की गई है। उन्होंने लोगों से मतदान में बढ़–चढ़कर हिस्सा लेकर देश की लोकतांत्रिक ढांचे को मजबूती प्रदान करने का अनुरोध किया। उन्होंने कहा कि कुछ मतदान केन्द्रों को संवेदनशील माना गया है।

<><><><><><><>

अंडमान निकोबार द्वीपसमूह में उन्नीस अप्रैल को होने वाले मतदान के लिए चुनाव प्रचार जोरों पर हैं। विभिन्न दलों के उम्मीदवारों के अलावा निर्दलीय उम्मीदवार भी मतदाताओं से संपर्क कर रहे हैं। भारतीय जनता पार्टी के उम्मीदवार बिष्णु पद रे द्वारा कल चिड़ियाटापू के अलावा पोर्ट ब्लेयर शहर के विभिन्न भागों में रोड शो किया गया तथा लघु बैठकों के माध्यम से मतदाताओं से बातचीत की। आज वे शहीद द्वीप के दौरे पर है और कल कैम्पबेल बे जाएंगे।

उधर, भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के उम्मीदवार कुलदीप राय शर्मा भी पार्टी के अन्य नेताओं के साथ जोर–शोर से चुनाव प्रचार में जुटे हुए हैं और रोड शो तथा नुक्कड़ सभाओं के माध्यम से मतदाताओं के बीच अपनी बातें रख रहे हैं। अन्य उम्मीदवारों द्वारा भी प्रचार अभियान में तेजी लाई गई है।

<><><><><><><>

दक्षिण अंडमान ज़िले में एच, एच वन और एक्स दवाओं की बिक्री करने वाले सभी दुकानदारों को अपने दुकानों के भीतर और बाहर सीसी टी वी कैमरा स्थापित करने का निर्देश दिया गया है। ज़िला मजिस्ट्रेट अर्जुन शर्मा ने नियमों के तहत आदेश जारी करते हुए कहा है कि ज़िले के ऐसे सभी मेडिकल स्टोर, दवा की दुकाने, जहां अधिसूचित एच, एच वन और एक्स दवाओं की बिक्री की जाती है, उन्हें कैमरा लगाने के लिए एक माह का समय दिया गया है। स्थापित कैमरे की फुटेज की कभी भी राज्य दवा नियंत्रक प्राधिकरण यानी स्वास्थ्य सेवा निदेशक या बाल कल्याण पुलिस अधिकारी की ओर से बेतरतीब जांच की जाएगी। जो दवाई दुकान मालिक निर्देश का पालन नहीं करेंगे, उनके खिलाफ नियमों के तहत कड़ी कार्रवाई की जाएगी। संबंधित पदनामित अधिकारियों द्वारा अपने–अपने क्षेत्र में पुलिस और दवा निरीक्षक की सहायता से आदेश का पालन किया जाएगा और रिपोर्ट जमा किया जाएगा।

<><><><><><><>

पॉक्सो की विशेष अदालत के जज भवानी शंकर शर्मा ने आर. मुनियास्वामी नामक न्यू पहाड़गांव के अंडाल बस्ती के एक व्यक्ति को पॉक्सो के दो अलग–अलग मामलों में कठोर कारावास की सजा सुनाई है। इनमें से एक मामले में आरोपी को बीस वर्ष की कठोर कारावास के साथ इस पर पचास हजार रूपये का जुर्माना भी लगाया है। जुर्माने की रकम अदा न करने पर अभियुक्त को दो वर्ष और कठोर कारावास भुगतनी पड़ेगी। जुर्माने की राशि में से पैंतालीस हजार रूपये प्रभावित लड़की को देने का आदेश हुआ है। इसके अलावा एक अन्य मामले में आरोपी को विशेष जज ने दो वर्ष की कठोर कारावास के साथ पांच हजार रूपये का जुर्माना लगाया है। पॉक्सो का यह मामला दो हजार इक्कीस का है और एफ आई आर दर्ज होने के बाद आगे की कार्रवाई आरंभ की गई। इस वर्ष इक्कीस मार्च को आरोपी को सजा सुनाया गया। इस पूरे मामले की पैरवी पॉक्सो की विशेष अधिवक्ता तसनीम आबिद ने की।

<><><><><><><>

सेकेण्डरी स्कूल चेनपुर में नई कक्षाओं में प्रवेश पाने वाले विद्यार्थियों के लिए प्रवेश अभियान और रैली का आयोजन किया गया। चेनपुर बस स्टैंड चौराहे पर आयोजित जागरूकता कार्यक्रम में ग्रामवासियों ने भी भाग लिया। इसके अलावा रैली निकाली गई, जिसमें प्री–प्राइमरी और प्राइमरी स्तर पर बच्चों के प्रवेश के बारे में ग्रामवासियों के बीच जागरूकता पैदा की गई। स्कूल के प्रधान अध्यापक ने इस अभियान के बारे में जानकारी दी।

<><><><><><><>

चैत्र नवरात्र का पर्व कल से आरंभ हो रहा है। नौ दिनों तक चलने वाले इस पर्व के दौरान श्रद्धालु मंदिरों और घरों में कलश स्थापित कर पूजा पाठ करते हैं। कल नवरात्रि का पहला दिन है और कल देवी की शैलीपुत्री रूप की आराधना की जाएगी।

<><><><><><><>

आयोग मतदाताओं तक अपना संदेश पहुंचाने के लिए 'टर्निंग–18' और 'यू आर द वन' अभियानों के माध्यम से आकर्षक विषयों, लोकप्रिय आइकन और जेनज़ेड सामग्री का उपयोग कर रहा है। निर्वाचन आयोग ने आगामी चुनावों में युवा और शहरी मतदाताओं की भागीदारी बढ़ाने के लिए सोशल मीडिया पर कई पहलों और अभियानों की शुरुआत की है। टर्निंग–18 अभियान का मुख्य उद्देश्य आगामी चुनाव में युवा मतदाताओं को आकर्षित करना है। इसका उद्देश्य पिछले चुनावों में शहरी और युवा मतदाताओं की उदासीनता के मुद्दों का समाधान करना भी है। 'यू आर द वन' अभियान का उद्देश्य चुनावी प्रक्रिया में शामिल विभिन्न हितधारकों के अमूल्य योगदान को स्वीकृति देना है।

<><><><><><><>

लोकसभा चुनाव के मद्देनजर पुलिस की ओर से भी लगातार कार्रवाई की जा रही है और द्वीपों के विभिन्न क्षेत्रों से देशी–विदेशी शराब के साथ अवैध धंधे से जुड़े लोगों की गिरफ्तारी भी की जा रही है। मध्योत्तर अंडमान पुलिस के अलावा दक्षिण अंडमान और निकोबार ज़िला पुलिस की ओर से भी बड़े पैमाने पर कार्रवाई को अंजाम दिया जा रहा है।

<><><><><><><>

एम वी कैम्पबेल बे अब बारह अप्रैल को रात्रि नौ बजे पोर्ट ब्लेयर से लिटिल अंडमान जाएगा और अगले दिन सुबह आठ बजे इसकी वापसी होगी। एम वी कालीघाट बारह अप्रैल को ही सुबह सात बजे लिटिल अंडमान होते हुए कार निकोबार जाएगा और तेरह अप्रैल को सुबह आठ बजे कार निकोबार से लिटिल अंडमान होते हुए पोर्ट ब्लेयर लौटेगा। जिन यात्रियों ने इन दोनों जलयानों की तेरह अप्रैल को होने वाली यात्रा के लिए टिकट खरीदे हैं, उन्हें बारह अप्रैल को इन जलयानों से यात्रा करने को कहा गया है।

<><><><><><><>

अंडमान निकोबार चेस एसोसिएशन की ओर से कल सेवा निकेतन में चेस टूर्नामेंट का आयोजन किया गया। सेवा निकेतन के प्रभारी अद्‌वैता चक्रवर्ती ने इसका उद्‌घाटन किया। टूर्नामेंट में सेवा निकेतन के बच्चों के अलावा चेस केन्द्र के खिलाड़ियों ने भी भाग लिया।

<><><><><><><>